कार्यालय जिलाधिकारी संत कबीर नगर।

संख्या– 244 / भूलेख / लेखपाल भर्ती, 2015 दिनांक –02– जुलाई, 2015

विज्ञापन व्यवस्थापक,
दैनिक जागरण, अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान,
संत कबीर नगर।

कृपया लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 के विज्ञापन से सम्बन्धित संशोधित प्रेस विज्ञप्ति संख्या– 243 / भूलेख / लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 विज्ञापन प्रारूप की प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि कम से कम स्थान में शासकीय दर पर अगले प्रादेशिक संस्करण में प्रकाशित होने वाले समाचार में विज्ञापन सुनिश्चित कराते हुए बिल वाउचर एवं प्रकाशन की प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोपरि।

(डा0 सरोज कुमार)
जिलाधिकारी,
संत कबीर नगर।

संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संत कबीर नगर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि संलग्न प्रेस विज्ञप्ति जनपद की वेबसाईट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी,
संत कबीर नगर।

प्रेस–विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0 प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम–संत कबीर नगर **परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्या– 243 /भूलेख दिनांक –02– जुलाई , 2015

आवेदन पत्र स्वीकार (**submit**) किये जाने की अंतिम तिथि–**22–7– 2015**

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि–**21–7–2015**

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30–8–2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पद नाम	दिनांक 01–07–2015 को आयु	वेतन मान	कुल रिक्ति पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनु सूचित जन जाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे–2000)	**334**	**167**	**70**	**07**	**90**	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रदेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2–राष्ट्रीय कैडेटकोर का "बी"प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदो की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01–07–2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। आयु सीमा के संबंध में उत्तर प्रदेश सेवाओं में भर्ती (आयु सीमा) नियमावली–1972 यथा संशोधित 2012 एवं वर्तमान में प्रभावी नियमो में उल्लिखित व्यवस्थानुसार छूट प्रदान की जायेगी। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– ऑन–लाइन फार्म दिनांक 22–07–2015 तक जमा किये जा सकेंगे। अनारक्षित (सामान्य) और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/–(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/

अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/-(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई-चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन-लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4- प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा। तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं होगा।

5- परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा। परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई-प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वेबसाइट **http://bor.up.nic.in** और जिले की वेबसाइट **sknagar.nic.in** पर उपलब्ध होगा।

6- ऑन-लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण परिषद की बेबसाइट **http://bor.up.nic.in** और जिले की वेबसाइट **sknagar.nic.in** पर उपलब्ध हो जायेगा।

7- लेखपाल भर्ती परीक्षा के सम्बन्ध में पूर्व में दिनांक 17-06-2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क/फार्म स्वीकार (**submit**) किये जा चुके है उन अभ्यर्थियों द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क/फार्म नहीं भरे जायेंगे। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिए भी मान्य होगा।

(डा0 सरोज कुमार)
अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी,
संत कबीर नगर।